डायट की गतिविधियों में में बिहार शीर्ष तीन राज्यों में शामिल

चर्चा में क्यों?

1 नवंबर, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अधीन स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने सभी राज्यों के डायट की गतिविधियों के आधार पर अक्तूबर की रैंकिंग जारी की है, जिसमें बिहार शीर्ष तीन राज्यों में शामिल है। इसमें केरल पहले तो महाराष्ट्र दूसरे स्थान पर है।

प्रमुख बिंदु

- पिछले दो सालों में राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) ने लगातार बिहार के सभी डायट को शैक्षणिक विकास में लगा रखा है। शिक्षा मंत्रालय ने पहली बार रैंकिंग जारी की है ताकि यह पता चल सके कि शैक्षणिक कार्य में डायट का सहयोग कितना महत्त्वपूर्ण है।
- दीक्षा पोर्टल पर शिक्षकों को नई तकनीक बताने में बिहार के डायट सबसे ऊपर हैं। बिहार में 33 ज़िला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हैं, विकास के लिये डिजिटल कोर्स का निर्माण, संचालन का माध्यम डायट है।
- पहले चरण में राज्य के सभी 33 डायट को शामिल कर डिजिटल कोर्स तैयार किया गया। डिजिटल कोर्स तैयार करने और उसका संचालन करने में बिहार देश में पहले पायदान पर है। यहाँ के सभी डायट ने अपना डिजिटल कोर्स डिजाइन और लॉन्च किया है।
- पिछले एक साल में दो लाख से अधिक शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के साथ ही ज़िला स्तर पर छोटे-छोटे कोर्स डिजाइन किये गए। इससे शिक्षक ऑनलाइन जुड़कर इन कोर्स को कर पाते हैं।
- दीक्षा पोर्टल से राज्य के कुल 93 हज़ार 670 शिक्षक जुड़ चुके हैं। इन शिक्षकों को अब किसी कोर्स को करने के लिये कहीं जाने की ज़रूरत नहीं होती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bihar-among-top-three-states-in-diet-activities